# जनजाति उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा डीकेएसएसटीआरसी : डॉ उरांव

## जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस रांची के सभागार में डॉ कुमार सुरेश सिंह ट्राइबल रिसर्च सेंटर का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जनजातीय समुदाय के लिए एक्सआइएसएस का यह नया डॉ कुमार सुरेश सिंह ट्राइबल रिसर्च सेंटर (डीकेएसएसटीआरसी) एक वरदान साबित होगा। यह उनके उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा, क्योंकि उनके इस सेंटर में ट्राइबल से संबंधित 3500 से अधिक किताबें हैं ओर 800 से अधिक पांडुलिपियां भी। पूरे देश में प्रतिष्ठित बी स्कूल एक्सआइएसएस में इस डीकेएसएसटीआरसी जैसे सेंटर को बनाने में सहयोग के लिए डॉ सिंह के परिवार के प्रति आभारी हैं। ये बातें मुख्य अतिथि झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कही। वे बुधवार को डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआइएसएस) के सभागार में डॉ कुमार सुरेश सिंह ट्राइबल रिसर्च सेंटर (डीकेएसएसटीआरसी) के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ उरांव ने कहा कि यह रिसोर्स सेंटर डॉ कुमार सुरेश सिंह के नाम पर है, जिन्होंने ट्राइबल पर जितनी भी किताबें लिखी हैं, वह सभी सर्वे के आधार पर है। उन किताबों में उनके ओरिजनल थॉट्स हैं। उनके सानिध्य के पलों को स्मरण कर डॉ उरांव ने बताया कि देश के विकास में डॉ सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि यदि भाप्रसे के किसी अधिकारी को नाम व शोहरत कमाना है, तो वे डॉ कुमार सुरेश सिंह की तरह बनें। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों की सेवा की और जान बचायी है। दूरदृष्टि होने के साथ-साथ सही समय पर सही निर्णय लेने वाला व्यक्तित्व था उनका।

इससे पूर्व एक्सआइएसएस के सभागार में दीप प्रज्वलित कर डॉ उरांव ने डॉ कुमार सुरेश सिंह ट्राइबल रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन किया। दीप प्रज्वलन में उनके साथ एक्सआइएसएस के डायरेक्टर डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सदस्य महुआ माजी, डॉ सिंह की धर्मपत्नी बिमलेश्वरी सिंह और उनके पुत्र ध्रुव सिंह शामिल थे।

उपस्थित लोगों में एक्सआइएसएस के सुपीरियर फादर जेवियर सोरेंग, सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, एकेडमिक्स डीन डॉ अमर एरॉन तिग्गा, फादर डॉ अलेक्स एक्का, एचके सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, बिनोद किस्पोट्टा, रेजी डुंगडुंग, ऐक्सिस के जसबीर सिंह खुराना, प्रो हरीश दयाल, प्रभाकर तिर्की आदि शामिल थे।




विशिष्ट अतिथि महुआ माजी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि झारखंड को समग्रता और समूर्णता में जानना है, तो डॉ के सुरेश सिंह को जानिए और झारखंड पर लिखे इनकी पुस्तकों और पांडुलिपियों का गहराई से अध्ययन करें। कहा कि पिछले दिवस झारखंड के लोगों ने धरती आबा भगवान बिरसा की जयंती धूमधाम से मनायी। भगवान बिरसा की जयंती न सिर्फ झारखंड या पूरे भारतदेश में, बल्कि विदेशों और पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। इसे विदेशों तक पहुंचाने में डॉ कुमार सुरेश सिंह की विशेष भूमिका रही है। आदिवासियों पर उनकी लिखी किताबें हमारे देश के लिए महत्वपूर्ण हैं और सभी को इसे पढ़ना चाहिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि डीकेएसएसटीआरसी को विकसित करने में अपनी ओर से जो भी होगा, सहयोग करूंगी।

एक्सआइएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे ने स्वागत भाषण में कहा कि एक्सआइएसएस जैसा संस्थान हमेशा से राज्य की समृद्ध जनजातीय और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने में विश्वास रखता है, ताकि आज के डिजिटल युग में यह पूरे विश्व में प्रसारित हो सके। कहा कि डीकेएसएसटीआरसी इस दिशा में एक ऐसा कदम है, जिसमें विद्वानों, शोधकताओं, छात्रों और हमारे अद्भुत राज्य के बारे में अधिक जानने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह रिसोर्स सेंटर बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। डॉ. सिंह की विद्वता का कद ऐसा है कि आदिवासी विषय पर कोई भी शोध उनके काम को पढ़े बिना पूरा नहीं होता। हम वास्तव में स्वर्गीय डॉ. केएस सिंह के अकादमिक दुनिया, विशेष रूप से आदिवासी समाज के विकास के लिए उनके योगदान और उनके मूल्यवान संग्रह को एक्सआइएसएस में दान देने के लिए उनके परिवार के आभारी हैं। आने वाले दिनों में, एक्सआइएसएस उनके परिवार और डॉ. सिंह के प्रति आभार की भावना के साथ, डॉ. केएस सिंह मेमोरियल वार्षिक व्याख्यान का आयोजन प्रमुख विद्वानों द्वारा आदिवासी प्रश्नों पर आयोजित करेगा।

बिमलेश्वरी सिंह, डॉ के सुरेश सिंह की जीवनसंगिनी ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि इस संस्थान में आकर मैं गौरवान्वित हूं। इससे पूर्व 2002 में भी मैं संस्थान के जुबिली समारोह में आयी थी, तब डॉ कुमार सुरेश सिंह की तबीयत अच्छी नहीं थी। इस मौके पर उन्होंने छोटानागपुर के सुरीले लोक गीत के संग्रह की पुस्तक विमोचन के लिए समर्पित किया। कहा कि इस संग्रह में छोटानागपुर के वे तमाम सुरीले गीत हैं, जो मेरे और डॉ के सुरेश सिंह की जीवन यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिसे बचपन में भी मैं गाती थी और गुनगुनाती थी।

ध्रुव सिंह, डॉ सिंह के पुत्र ने अपने संबोधन में डीकेएसएसटीआरसी के लिए एक्सआइएसएस का धन्यवाद किया। कहा कि एक्सआइएसएस के साथ पिता जी का विशेष जुड़ाव होने के कारण उनकी हार्दिक इच्छा के तहत किताबों का विशाल संग्रह और पांडुलिपियां यहां दी गयी हैं। हमें यकीन है कि इस सेंटर में उनकी पुस्तकें उनकी तरह ही पवित्र रहेंगी और लोगों को उनकी पुस्तकों का ज्ञान मिल पायेगा। पुस्तकालय में उनके कार्यों का एक खंड बनाने के लिए हम एक्सआइएसएस के आभारी हैं। हम उन्हें सम्मानित करने वाले लोगों के आभारी हैं, डॉ. सिंह का ऐसा सम्मान बहुत पहले से किया जाना चाहिए था।

प्रोफेसर एमेरिटस, जेएनयू, डॉ जोसेफ बाड़ा ने कहा डॉ कुमार सुरेश सिंह एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे, जिनसे मुझे अकादमिक सम्मेलन में मिलने का मौका मिला। वे निर्णयक और अनुशासन वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम में भी अकादमिक चचाओं में भाग लेने के लिए हमेशा समय निकाला। संसाधन केंद्र के उद्घाटन का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। यह रिसर्च सेंटर दुनिया भर के विद्वानों के लिए ज्ञान का सरोवर है। इस केंद्र की सदस्यता प्राप्त करने से स्कॉलर्स, रिसोर्स सेंटर की सभी संसाधनों का लाभ उठाने में सक्षम होंगे। एक्सआइएसएस में स्थित यह संसाधन केंद्र दुनिया भर के विद्वानों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान होगा, जो इस संस्कृति को और करीब से जानना चाहते है। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप केरकेट्टा एसजे, सहायक निदेशक, एक्सआइएसएस, डॉ. अमर ई. तिग्गा, डीन एकेडमिक्स, एक्सआइएसएस, गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ संस्थान के फैकल्टी, स्टाफ और छात्र भी मौजूद थे।

### जनजातीय शोध केंद्र

**एक्सआइएसएस** स्थित इस शोध केंद्र में लगभग 3500 किताबें, 400 से अधिक हस्तलिपियां हैं, जिनमें बिरसा मुंडा, भारत में जनजातीय आंदोलन, भारतीय जनजातीय समाज आदि सहित कई विषयों पर डॉ कुमार सुरेश सिंह के हस्तलिखित और टाइप किये गये नोट्स उपलब्ध हैं। संसाधन केंद्र को डिजिटल बनाने की प्रक्रिया चल रही है, जिससे दुनिया भर से इच्छुक लोग इससे जुड़ सकेंगे। इस केंद्र में उपलब्ध इस विशाल संग्रह की सदस्यता और संसाधन केंद्र के समय के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कोई भी व्यक्ति एक्सआइएसएस लाइब्रेरी से वेबसाइट के माध्यम से जुड़ कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकता है।

# डीएसपीएमयू शिक्षा की नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करे : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, शैक्षिक भवन एवं परीक्षा भवन का उदघाटन बुधवार को राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कहा कि गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शैक्षणिक वातावरण के साथ आधरभूत संरचना भी आवश्यक है। ज्ञान का यह मंदिर नित्य नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करे, ऐसी कामना है।



उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिये निरंतर प्रयत्न कर रहा हूं। इसके लिए निरंतर कुलपतियों और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरंतर समीक्षा बैठक करता हूं। बहुत दुख और आ>र्य होता है कि विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। नियमित प्राचार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज का युग ज्ञान आधारित है। लेकिन हमारे विद्यार्थी बाहर पढ़ना चाहते है, मानसिकता बदलने की जरूरत है। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को समर्पित भाव से शिक्षा प्रदान करें। शिक्षकों के बिना सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने यहाँ ऐसा वातावरण तैयार करना होगा कि विद्यार्थी यहां से पलायन न करें बल्कि दूसरे स्थानों से विद्यार्थी यहां आकर शिक्षा ग्रहण करें। उन्होंने अंत में कहा कि ऐसी अपेक्षा है कि डीएसपीएमयू शिक्षा की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित करें।

इससे पूर्व स्वागत भाषण कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने दिया। उन्होंने राज्यपाल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि महामहिम की उपस्थिति ने पूरे विश्वविद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस संस्थान की प्रगति यात्रा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर समस्त विश्वविद्यालय परिवार उत्साहित है, हर्षित है कि हमारी उन्नति का मार्ग इतना भव्य और दिव्य है। उन्होंने कहा कि 35 करोड़ की लागत से निर्मित इन भवनों के निर्माण में जिनका भी सहयोग मिला उनका हृदयतल से आभार। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार की यात्रा को सामने रखते हुए कहा कि 1839 से मध्य विद्यालय से प्रारंभ हुई यह यात्रा 2017 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय तक पहुंची है। उन्होंने आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैथलीशरण गुप्त के इन शब्दों को सामने रखा कि आपस में एक दूसरे के सहयोग से ही सर्वोत्तम लक्ष्यों की प्राप्ति संभव है। इसके बाद राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने कहा कि कोई भी विश्वविद्यालय अपनी आधारभूत संरचना से नहीं बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता से अपनी पहचान बनाता है। इसलिए हमें इस आधारभूत संरचना का उपयोग करते हुए विश्वविद्यालय को नए मानकों की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने नए उदघाटित भवनों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम में जनजातीय नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने किया।

## ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कौंसिल के प्रदेश अध्यक्ष बने वीरेंद्र साहू

**रांची।** बुधवार को हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित आवास संख्या एच 181 में एंटी क्राइम एंड हूमन राइट्स प्रोटेक्शन कॉन्सिल ऑफ इंडिया के राज्य इकाई की बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश संगठन का कार्यकाल बढ़ाते हुए कुछ नए लोगों को जोडा गया। इसके तहत बीरेन्द्र साहु को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। दीपक प्रसाद- प्रदेश उपाध्यक्ष, निपुण कुमार वर्मा- उपाध्यक्ष, जितेन्द्र नाथ चौबे- उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र कुमार- उपाध्यक्ष, संतोष कुमार- उपाध्यक्ष, रोहित तिवारी-उपाध्यक्ष, सुजीत कुमार पांडे-उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार सिंह- महासचिव, शैलेन्द्र शर्मा- सचिव, अमित सिंह- संयुक्त सचिव, मो वसीम अकरम अंसारी-उपसचिव, एतेशु गुप्ता- संगठन सचिव, अनिता सिन्हा- महिला प्रकोष्ट महासचिव, रोहीत कुमार-रांची जिला अध्यक्ष मनोनीत किये गये।

## खबर एक नजर में

### मोर संगी आई लव यू नागपुरी फिल्म में है झारखंड की संस्कृति की झलक

**रांची।** नागपुरी फिल्म मोर संगी आई लव यू को तीन भाषाओं नागपुरी छत्तीसगढ़ी और भोजपुरी में निर्मित है। इस फिल्म में झारखंड की संस्कृति को बहुत खूबसूरती से पेश किया गया है। इसमें संप्रदायिक सौहार्द को बड़े अनोखे अंदाज में पेश किया गया है। यही वजह है कि थड़पखना स्थित प्लाजा सिनेमा हॉल में चल रहे इस फिल्म में बम्पर भीड़ है फिल्म देखने के बाद अदनान मल्लिक ने बताया कि इतनी अच्छी फिल्म अगर नहीं देखता तो बाद में पछतावा होता। फिल्म कल भर रहेगी शुक्रवार से दूसरी फिल्म लगने वाली है। इस फिल्म को देखने के लिए रांची वासियों से अपील किया है। मोहम्मद काशिफ ने बताया कि यह फिल्म बहुत अच्छी है।

### महर्षि मेंहीं आश्रम में प्रवचन 19 एवं 20 को

**रांची।** महर्षि मैंहीं आश्रम (चुटिया थाना के सामने )में 19 एवं 20 नवम्बर को परमपूज्य स्वामी ब्याशानंद जी महाराज के प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की रुपरेखा इस प्रकार है। जिसमें 19नवंबप को प्रात: 6 बजे से भजन कीर्तन, स्तुति ग्रन्थपाठ होगा। तदुपरांत प्रात: 8:00 बजे से 10:00 बजे तक प्रवचन एवं आरती होगी। अपराहन 2:00 बजे से भजन कीर्तन, स्तुति ग्रन्थपाठ तथा अपराहन 3:00 बजे से 5:00 बजे तक प्रवचन एवं आरती का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन 20 नवंबर को प्रात: 6:00 बजे से भजन कीर्तन, स्तुति ग्रंथपाठ, दिन के प्रात: 8:00 बजे से 10:00 बजे तक प्रवचन एवं आरती, अपराहन 2:00 बजे से भजन कीर्तन, स्तुति ग्रंथ पाठ एवं अपराहन 3:00 बजे से 5:00 बजे तक प्रवचन एवं आरती।

### सन राइज स्कूल ने मनाया चिल्ड्रेंस डे

**रांची।** सन राइज स्कूल डोरंडा में विद्यालय के नन्हें बच्चों ने चिल्ड्रेन डे मनाया। इस अवसर पर बच्चों के बीच कई तरह की प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रतियोगिताओं में अपना जौहर दिखाया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की इंचार्ज शगुफ्ता परवीन ने किया। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल गुलाम गौस ने बच्चों को चिल्ड्रेन डे के बारे विस्तृत जानकारी दी और इसकी महता को बताया। कार्यक्रम में बच्चों के बीच उपहार बांटे गए।

### हिंदी स्किट प्रतियोगिता में डीएवी बरियातू फर्स्ट

**रांची।** कक्षा 9वीं से 12वीं के लिए बुधवार को इंटर स्कूल हिंदी स्किट प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालय और सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित की गई। छात्रोंको अपनी धरती संकट में ओर छात्रों की समस्याओ का अंबार विषयों में से किसी एक का चयन करना था। प्रत्येक स्कूल टीम को 6 से 8 सदस्यों और प्रत्येक में 4 प्रॉप्स तक की अनुमति थी। उन्हें अपनी स्किट प्रस्तुत करने के लिए 8 मिनट का समय दिया गया था। युवा अभिनेताओं ने अलग-अलग विषयों को छुआ जैसे कन्या भ्रूण हत्या, ड्रग्स, आतंकवाद, पीढ़ी का अंतर, कैरियर का विकल्प और माता-पिता का दबाव, घरों के अंदर और बाहर महिलाओं की सुरक्षा, पर्यावरणीय मुद्दे जैसे वनों की कटाई, प्रदूषण आदि। परिणाम: पहला पुरस्कार :डीएवी बरियातू, दूसरा पुरस्कार :जेवीएम श्यामली और तीसरा पुरस्कार :ब्रिजफोर्ड तुपुदाना और सच्चिदानंद ज्ञान भारती को दिया गया।

### इंटरनेशनल कांफ्रेंस का हुआ समापन

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के सभागार में कॉलेज के बॉटनी डिपार्टमेंट के तत्वावधान में 14-16 नवंबर तक आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन एन्वायरमेंट, फॉरेस्ट्री एंड सस्टेनेबुल एग्रीकलचर-2022 का समापन बुधवार को हुआ। तीसरे व अंतिम दिन कांफ्रेंस की शुरुआत ओरल प्रेजेंटेशन सेसन के साथ हुआा। इसमें उषा मार्टिन के समिन्द्र कुमार एवं पूणे से आए हेमंत डुम्ब्रे निर्णायक मंडली में थे। सत्र में कॉलेज के सोशियोलॉजी डिपार्टमेंट की स्नेह एस कच्छप को सर्वश्रेष्ठ प्रस्ततिकरण का पुरस्कार प्रदान किया गया। सत्रांत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व वाइस चांसलर एसपी सिंह थे। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के बॉटनी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर इस कांफ्रेंस के सफल आयोजन तथा राज्य देश व विदेश से भारी संख्या में वैज्ञानिक, शोधकर्ताों की भागीदारी और उनके वैज्ञानिक सोच वाले विचार तथा पेपर की प्रस्तुति को सराहा। कोलकाता से आए डॉ त्रिदिब बन्दोपाध्याय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कांफ्रेंस का समापन हुआ।

### प्रणामी ट्रस्ट ने बांटे कंबल, टोपी व मोजा

**रांची।** एम.आर.एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान मे पड़ने वाले ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए झारखंड के स्थापना दिवस पर श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के सदस्य बुधवार को अभावग्रस्त ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों एव वृद्ध ग्रामीणों के बीच इस इस वर्ष पडने वाली कड़ाके की ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए निस्वार्थ भाव से वस्त्र वितरण का पुनीत कार्य किया। मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,मनोज चौधरी, बिष्णु सोनी ने स्थापना दिवस के अवसर पर हेहल प्रखण्ड के पाहन टोली ,पहाड टोली,मुण्डा टोली,पाहन टोली की समाजिक कार्यकर्ता किरण बंदो की उपस्थिति में अभावग्रस्त ग्रामीणों को कंबल,ऊनी टोपी एव ऊनी मोजा एवम बिस्किट का नि:शुल्क वितरण किया।

# आशा का संचार करता है हनुमान चालीसा : संतोष भाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** किसी भी प्रकार का शारीरिक अथवा मानसिक कष्ट हो या प्राणों पर संकट आ गया हो तो हनुमान चालीसा का पाठ मनुष्य के जीवन में आशा का संचार करता है। हनुमान चालीसा में एक पंक्ति है नासे रोग हरे सब पीरा जपत निरंतर हनुमत वीरा अर्थात किसी भी प्रकार का रोग होने से श्रद्धा के साथ हनुमान चालीसा का पाठ करें हनुमान जी सारी पीड़ा हर लेंगे। श्री श्री बालाजी धाम बर्नपुर से रांची आए संतोष भाई ने बुधवार को अग्रसेन भवन में चल रहे अखंड सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ के चौथे दिन की सत्संग सभा के प्रवचन में कही।

उन्होंने कहा कि श्रद्धा और विश्वास की ताकत होती है। दवा के साथ दुआ भी करें । हनुमान जी की कृपा से शरीर की समस्त पीड़ा से उसे मुक्ति मिल जाएगी। यदि नित्य हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं तो निश्चित ही खराबी से दूर होते चले जाएंगे। कथा बनारस से आए प्रख्यात कथावाचक राम मोहन महाराज ने श्री राम हनुमत कथा को आगे बढ़ाते हुए दूसरे दिन भगवान राम के जन्म के कारणों पर प्रकाश डाला। 3 घंटे की कथा के दौरान उन्होंने शिव विवाह का भी वर्णन किया। भगवान शिव के विवाह के बारे में पुराणों में वर्णन है कि शिव ने सबसे पहले सती से विवाह किया था और यह विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था सती के पिता दक्ष अपनी पुत्री का विवाह भगवान शिव से नहीं करना चाहते थे लेकिन ब्रह्मा जी के कहने पर यह विवाह संपन्न हुआ। एक दिन राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान किया जिससे नाराज होकर माता सती ने यज्ञ में कूदकर आत्मदाह कर लिया तारकासुर नामक एक असुर को वरदान मिला था कि उसका वध सिर्फ भगवान शिव की संतान ही कर सकती है तब सभी देवताओं ने मिलकर शिव और पार्वती के विवाह की योजना बनाई और शिव की तपस्या भंग करने के लिए कामदेव को भेजा कामदेव भस्म हो गए और देवताओं की विनती पर शिव पार्वती से विवाह करने के लिए राजी हुए देवताओं ने भगवान शिव को परंपरा के अनुसार तैयार किया और सुंदर तरीके से श्रृंगार कर दोनों का विवाह संपन्न कराया।

**शिव विवाह की कथा भी हुई**



# गिरी के हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी हो : स्वामी दिव्यानंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने कहा है कि पिछले दिनों चक्रधरपुर में भारत-तिब्बत सहयोग मंच (बीटीएसएम) के युवा शाखा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलदेव गिरी जी की हत्या बम मारकर कुछ अज्ञात अपराधियों ने कर दी है, इससे समाज में शोक एवं रोष ब्याप्त है। उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड प्रदेश का बीटीएसएम परिवार सरकार से अनुरोध करता है कि दोषियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाये और कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के मार्ग पर कार्रवाई की जाये। स्वामी दिव्यानंद जी ने कहा कि यदि गिरफ्तारी शीघ्र नहीं की होती है, तो चरणबद्ध तरीके से सभी हिंदू संगठन मिलकर आंदोलन करेंगे। इस क्रम में मंच शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर गिरफ्तारी की मांग भी करने वाली है। स्वामी जी ने कहा कि दिल्ली में पुनः एक हिंदू बेटी श्रद्धा फिर आफताब का शिकार हुई है। उसकी हत्या कर शव को पैंतीस टुकड़ों में काटकर जंगल में फेंक दिया। ऐसी निर्ममता एवं जघन्य अपराध की सजा फांसी भी कम है। मोमबत्ती गैंग पीड़िता श्रद्धा के शोक के लिए 35 टुकड़ों के बदले पैंतीस कैंडिल जलाने की भी आवश्यकता नहीं समझी। भारत-तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी के साथ झारखंड की प्रदेश कमिटी ने श्रद्धा के लिए अपनी शोक संवेदना प्रकट की है।



### हिंदू जागरण मंच ने की गिरी की हत्या की जांच की मांग

रांची। हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिनाथ शाहदेव के नेतृत्व में झारखंड के पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा से मुलाकात कर चक्रधरपुर में हुए कमलदेव गिरी की हत्या की जांच की मांग की गई। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ऋषिनाथ शाहदेव ने पुलिस महानिदेशक को पूर्व से दिया जा रहा धमकी की जानकारी भी दिया। पुलिस महानिदेशक के द्वारा पूछने पर श्री शाहदेव ने डीएसपी कपिल चौधरी व थाना प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद को पूर्व से सूचना होने के बाद भी अनदेखी करने की जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा ने आश्वासन दिया है कि निष्पक्ष जांच की जाएगी।



# दो दशकों में सूचना प्रौद्योगिकी में व्यापक विकास हुआ : डॉ सिंह

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में वर्चुअल क्लासरूम पर संवेदीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना (नाहेप) के तहत वर्चुअल क्लासरूम, एग्री दीक्षा और एकेडमिक मैनेजमेंट सिस्टम पर दो दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का शुभारंभ बुधवार को वानिकी संकाय में हुआ।

इस अवसर पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि पिछले दो दशकों में जितना गतिशील और व्यापक विकास एवं नवाचार सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुआ उतना अन्य किसी सेक्टर में नहीं हो पाया। इससे उच्च शिक्षण संस्थानों के कामकाज को एक नई दिशा और गति मिली है। अब नामांकन, परीक्षा, मूल्यांकन, रिजल्ट आदि अधिकांश कार्य ऑनलाइन होने लगे हैं। भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान, नयीदिल्ली के वरीय वैज्ञानिक डॉ शहनवाजुल इस्लाम ने कहा कि कृषि क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की व्यापक संभावनाएं हैं। सांख्यिकी से जुड़ा आईसीएआर का एकमात्र संस्थान इस दिशा में अभिनव पहल ले रहा है।



वानिकी संकाय के अधिष्ठाता सह नाहेप के प्रधान अन्वेषक डॉ एमएस मलिक ने स्वागत करते हुए कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य सूचना प्रौद्योगिकी सम्बन्धी समाधान अपनाने के लिए कृषि विश्वविद्यालयों में आईटी संस्कृति को सुदृढ़ करना तथा कृषि शिक्षा की क्वालिटी में सुधार लाना है। प्रो बीके अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में हर गतिविधि के लिए मोबाइल ऐप विकसित करने और आईटी इंटरवेंशन की जरूरत है। वर्चुअल क्लासरूम के लिए अगर उच्च शिक्षण संस्थान अपना आधारभूत ढांचा विकसित कर लें तो उसके प्रभावी संचालन के लिए राष्ट्रीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान हर तरह के महंगे सॉफ्टवेयर पैकेज निशुल्क देने के लिए तैयार है। डीन डॉ एसके पाल और डॉ सुशील प्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन शाना आइशा ने किया।

## फिरायालाल चौक पर लगा रक्तदान व अंगदान जागरूकता शिविर

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रजों के खिलाफ आजादी दिलाने के लिए उलगुलान का आह्वान किया था और आज उनके जन्मदिवस पर फिरायालाल चौक में धरती आबा को याद करते हुए मणि त्रिविधा शंकर एजुकेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्त उलगुलान का आह्वान किया गया। रक्तदान सह अंगदान जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर के माध्यम से सभी को रक्त दान व अंगदान के लिए प्रेरित किया गया। समीर हेजाजी की नियमित रक्तदाता हैं उन्होंने रक्तदान किया और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित किया। सदर अस्पताल की टीम ने रक्तदान व अंगदान से जुड़े मिथकों को दूर किया। संस्था की संचालिका निकिता प्रसाद ने बताया कि रक्तदान से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। शिविर को सफल बनाने में अमरदीप सिंह, जलज आदि की भूमिका रही।

# विभागीय सचिव को दिया जा चुका है अनुकंपा की शर्त को शिथिल करने का आदेशः जगन्नाथ महतो

## शिक्षा मंत्री से मिला झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ का दल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की राज्य इकाई का प्रतिनिधिमंडल राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो से मिला। इस दौरान सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 के प्रावधान में निहित, सामान्य भविष्य निधि, कल्याण कोष, सेवा अनुकंपा, सीटेट को जेटेट के समतुल्य लाभ, सेवा पुस्तिका का संधारण समेत अन्य मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। संघ ने कल्याण कोष को लागू करने में देरी को लेकर भी चिंता जतायी।

इस दौरान शिक्षा मंत्री ने झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि 20 नवंबर के बाद विभागीय सचिव एवं परियोजना निदेशक की उपस्थिति में बैठक कर सभी समस्याओं का निदान करने का आश्वासन मिला। उन्होंने कहा कि अनुकंपा की शर्त को शिथिल करने का आदेश विभागीय सचिव को निर्देश दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर के पूर्व प्रमाण पत्र जांच पूर्ण कर लेने का लिखित आदेश राज्य के सभी जिला परियोजना कार्यालय को भेजी गई है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी एवं प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा से भी मिला।

परियोजना निदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि राज्य के सहायक अध्यापकों को कर्मचारी भविष्य निधि से जोड़ने एवं कल्याण कोष के लाभ देने को लेकर कार्य प्रगति पर है। जनवरी 2023 से 4% वार्षिक वृद्धि का पत्र जारी किया जायेगा। शून्य बायोमैट्रिक एवं एनसी प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों का बकाया मानदेय का भुगतान हेतु दोबारा पत्र निर्गत किया जा रहा है। कल्याण कोष के लिए विभिन्न कंपनियों द्वारा दिए गए टेक्निकल बिड आज खोले जा रहे हैं। आकलन परीक्षा फार्म भर चुके सहायक अध्यापकों के त्रुटि में सुधार एवं परीक्षा के विभिन्न बिन्दुओं में सुधार करने को लेकर कल 17 नवम्बर को जैक सचिव को संगठन के पहल पर परियोजना कार्यालय रांची तलब किया गया है, इसका पत्र आज निर्गत किया जा रहा है।

### मांगे पूरी नहीं होने पर 17 दिसंबर से मुख्यमंत्री आवास के समक्ष अनशन

# शिक्षक 19 नवंबर को घेरेंगे मुख्यमंत्री आवास, चल रहा जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की राज्य कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र चौबे की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर मांगों को लेकर 19 नवंबर को सीएम आवास घेराव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि इस बार का सीएम आवास घेराव ऐतिहासिक होगा, क्योंकि प्रदेश के शिक्षक आंदोलन को लेकर काफी उत्साह हैं।

राज्य के सभी जिलों में हुई बैठक में शिक्षक प्रतिनिधियों ने सरकार और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की हिटलरशाही, शोषण और पक्षपातपूर्ण रवैए पर आक्रोश व्यक्त किया।



**शिक्षकों को छोड़ सभी को एमएसीपी का लाभ :** संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र चौबे, महासचिव राममूर्ति ठाकुर और मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि विगत दिनों शिक्षकों की चार सूत्री मांगों का ज्ञापन राज्य के सभी जिलों से मुख्यमंत्री को समर्पित किया था। अबतक यथोचित पहल नहीं होने के कारण शिक्षक आंदोलन के लिए विवश हैं। वक्ताओं ने कहा कि राज्य के सभी कर्मियों को सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना (एमएसीपी) का लाभ मिले, छठे वेतनमान में वेतन निर्धारण की विसंगति को दूर करने, गृह जिले में शिक्षकों को पदस्थापित करने और अत्याधिक लिपिकीय एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर पठन पाठन व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग शामिल है।

**17 दिसंबर से अनिश्चितकालीन अनशन :** 19 नवंबर को धरना-प्रदर्शन के बाद भी सरकार मांगों पर पहल नहीं करती है तो 17 दिसंबर से शिक्षक अनिश्चितकालीन अनशन करेंगे।

**विद्यालयों में जनसंपर्क अभियान**

संघ के पदधारियों ने राजधानी रांची के नामकुम, अनगड़ा, सिल्ली, सोनाहातू, राहे, बुंडू प्रखंड के विभिन्न विद्यालय में सीएम आवास घेराव को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इसके समर्थन के लिए अधिक से अधिक शिक्षकों को आने का आह्वान किया। जनसंपर्क अभियान में प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद सहित हरेकृष्ण चौधरी, अजय ज्ञानी, कलेश्वरी कोइरी, अगस्त भगत, सुधीर सिंह, अनंत मदन स्वासी, रामनरेश खटीक, आसाराम महतो, पुराण प्रकाश मिश्रा, इंद्रजीत बैठा, कृष्णा कुमार, वीरेंद्र कुमार, भरत सिंह, अनिल महतो, दिलीप महतो, मकसूद जफराबादी, जफर, दिलीप कुमार, रीना महतो, बद्री विशाल, देशराज मिश्रा थे।

## नामकुम में नकली शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, मशीन और स्प्रिट बरामद

**रांची।** उत्पाद विभाग ने बुधवार को नामकुम थाना क्षेत्र स्थित सेहरा गांव में नकली शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया। छापेमारी टीम ने वहां से भारी मात्रा में नकली शराब बनाने का सामान और बोतल पैकिजिंग की मशीन भी बरामद की है। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक प्रदीप शर्मा के बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की, जिसमें खाली बोतल, कोर्क, ढक्कन और अलग-अलग कंपनी का लेबल बरामद किया है। श्री शर्मा ने बताया कि जानकारी मिली थी कि कुछ दिनों से नामकुम में अवैध शराब की फैक्टरी का संचालन किया जा रहा है।

# सरयू राय ने आरटीआई के तहत मांगी आहार पत्रिका के प्रकाशन की जानकारी

**सरयू राय पर खाद्य आपूर्ति मंत्री रहते आहार नाम की पत्रिका छपवाने में गड़बड़ी का लगा है आरोप**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विधायक सरयू राय पर खाद्य आपूर्ति मंत्री रहते आहार नाम की पत्रिका छपवाने में गड़बड़ी का आरोप लगा है। इसे लेकर सरयू राय ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग से सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत कई जानकारी मांगी है। उन्होंने आहार पत्रिका का निदेशालय द्वारा किये गये वितरण, जिलों से प्राप्त स्वीकृति रसीद और चालान का विवरण मांगा है। वहीं, पत्रिका छापने वालों को पेमेंट करने की प्रक्रिया और उसे हर महीने किये गये कुल भुगतान की भी जानकारी उन्होंने मांगी है। पत्रिका के प्रकाशन के फैसले और पत्रिका छापने वाले की नियुक्ति से संबंधित फाइल के टिप्पणी पक्ष और पत्राचार करने वाले पक्ष के सभी पेज की फोटोकॉफी की भी मांग की है। रिटायर्ड मार्केटिंग अफसर सुनील शंकर की दोबारा नियुक्ति संबंधी फाइल भी उन्होंने मांगी है।

**फाइलों की फोटोकॉपी मिलते ही एसीबी को सौंपेंगे :** विधायक सरयू राय ने कहा कि इस बारे में जांच करने के लिए जमशेदपुर के टेल्को के रहने वाले एक शख्स ने एसीबी में परिवाद दर्ज कराया है। वह व्यक्ति पूर्व सीएम रघुवर दास का करीबी है। एसीबी ने इस मामले में प्रारंभिक अनुसंधान के लिए निगरानी विभाग से अनुमति मांगी है। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि निगरानी विभाग से एसीबी को पीई दर्ज करने की अनुमति जल्द मिल जाये।

# नवनियुक्त सहायक नगर आयुक्तों ने नगर निगम का किया शैक्षणिक भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री लोक प्रशसन संस्थान रांची में कुल 63 नव नियुक्त सहायक नगर आयुक्त का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम चल रहा है इसी कड़ी में बुधवार को प्रशिक्षु पदाधिकारियों का रांची नगर निगम कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें उन्हें निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों और योजनाओं से अवगत कराया गया। इसके अलावा रांची नगर निगम की विभिन्न शाखाओं एवं उसके कार्यों के बारे विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गयी। साथ ही कार्यालय का भ्रमण भी कराया गया।



कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन, उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार, अधीक्षण अभियंता, कार्यालय अधीक्षक, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधख एवं अन्य कर्मी शामिल थे।

# महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष के पिता का निधन, अंतिम संस्कार में शामिल हुए कांग्रेसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर बुधवार को झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष अध्यक्ष गुंजन सिंह के पिताजी अयोध्या सिंह के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार प्रात 11.30 बजे बचरा सफी नदी घाट पर संपन्न हुआ। श्री ठाकुर ने अंतिम संस्कार के उपरांत सुश्री गुंजन सिंह के आवास जाकर उनसे एवं परिवार के लोगों मुलाकात की उनको ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि पिता की कमी तो कोई पूरा नहीं कर सकता किंतु इस दुख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है । उन्होंने कहा कि अयोध्या सिंह जी बेहद सरल और मृदुभाषी व्यक्ति थे, वो समाज के प्रति एक सकारात्मक सोच रखने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अच्छी शिक्षा दी साथ ही साथ समाज सेवा में बढ़ चढ़ कर काम करने की प्रेरणा दी, जिसका परिणाम है कि सुश्री गुंजन सिंह एक समाजसेवी के साथ साथ जनप्रतिनिधि का दायित्व निभा चुकीं हैं। इनकी पहचान पूरे प्रदेश में राजनीतिक रूप से एक जुझारू महिला नेत्री की है। इस अवसर पर प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटू, तनवीर आलम, साबिर अंसारी, गोपाल सिंह, फिरोज आलम, अशोक राम, शिवप्रसाद चौहान, राजा केशरी, जहीर अंसारी, मनोज यादव, भोला यादव, सुरेंद्र यादव, सुनिल मंडल, गुड्डू गिरी, शंकर जी, आदी उपस्थित थे।

### इन्होंने जताया शोक

प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह के पिताजी अयोध्या सिंह के निधन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची में भी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंनजी, नेली नाथन, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, सलीम खान, प्रभात कुमार, राजेश चन्द्र राजू, जितेन्द्र त्रिवेदी, अख्तर अली, नरेन्द्र लाल गोपी, दिनेश लाल सिन्हा, किशोर नायक, अजय सिंह, विनंजय भारती बलकू अरूण श्रीवास्तव, फिरोज रिज्वी मुन्ना, सुंदरी तिर्की, गुलाम रब्बानी, सुरेन राम, सोनी नायक सेवियर खलखो, दामोदर प्रसाद, राम प्रकाश महतो, अदिल अली, रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेस नेता ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

# स्कूली शिक्षा विभाग ने बदले 13 प्राचार्य शांति सिंह आरएलएसवाई उवि की प्राचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से संपन्न राज्य स्तरीय स्थापना समिति की बैठक में 11 प्राचार्यों को बदल दिया गया है। वहीं दो प्रचार्य अपने विद्यालय में बने रहेंगे। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार मनोज कुमार सिंह सर्वोदय उच्च विद्यालय पिंड्राजोरा बोकारो के प्राचार्य बनाये गये हैं। इसी प्रकार शांति सिंह राम लखन सिंह यादव उच्च विद्यालय कोकर, अनंत कुमार झा राजकीयकृत उच्च विद्यालय खैरबनी जामताड़ा, डॉ रमेश कुमार सिंह सत्यबोध राजकीय सरस्वती उच्च विद्यालय दारू हजारीबाग, प्रमोद कुमार राजकीय मजदूर उच्च विद्यालय सिंदरी झरिया धनबाद, महेंद्र प्रसाद सिंह राजकीयकृत उच्च विद्यालय लामीपतरा पलामू, निशा भारद्वाज राजकीय गांधी उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया कोडरमा, मिताली राजकीय छोटानागपुर गर्ल्स हाई स्कूल थड़पखना रांची, डॉ उदय चंद्र झा राजकीय उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा बोकारो, मेराजुल हक राजकीय महात्मा गांधी उच्च विद्यालय चक्रधरपुर प्ष्मि सिंहभूम, करम सिंह महतो प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बेड़ो, नीना सहाय महारानी प्रेम मंजरी प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय रातू और जोलिन सुशांति गुड़िया केबी बालिका उच्च विद्यालय रातू रोड में प्राचार्य के पद पर बनी रहेंगी। मनोज कुमार सिंह के आवेदन के आलोक में स्थानांतरित विद्यालय में 15 दिनों के अंदर योगदान समर्पित करेंगे। इसकी अधिसूचना माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने जारी कर दी है।

# लालपुर के होटल सिटी पैलेस में आग लगी

**रिसेप्शन और चार कमरे जलकर खाक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित होटल सिटी पैलेस में मंगलवार की रात 1 बजे के करीब भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल के दो वाहन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। चार कमरे और रिसेप्शन जलकर खाक हो गए। होटल के कर्मचारियों ने बताया कि लाखों का नुकसान हुआ है।

### किचन में आग लगने से फटा गैस सिलिंडर, जेनसेट में हुआ धमाका

जानकारी के मुताबिक, होटल सिटी पैलेस के बाहरी भाग में भी किचन है। किचन से ही आग लगी, जिसने धीरे-धीरे भयावह रूप ले लिया। देखते ही देखते होटल के रसोईघर में रखा एक सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया। बाहर लगे जेनसेट को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। इस वजह से जेनसेट में जोरदार धमाका हुआ। आग होटल के चार कमरों तक पहुंच गई। रिसेप्शन और चार कमरे जलकर पूरी तरह से खाक हो गए। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# मेयर ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मेयर डॉ आशा लकड़ा ने बुधवार को वार्ड-33 व 36 में 2.36 करोड़ की लागत से तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि वार्ड-33 स्थित श्याम हीरो शोरूम के बगल से रश्मि हाइट अपार्टमेंट इटकी रोड तक 29,95,628 रुपये की लागत से आरसीसी नाली का निर्माण होगा। इसी प्रकार, वार्ड-36 स्थित न्यू पुंदाग डीपा टोली में 43,65,340 रुपये की लागत से सामुदायिक भवन व जोहार नगर के विभिन्न गलियों में 1,62,23,240 रुपये की लागत से आरसीसी नाली का निर्माण होगा।

उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम क्षेत्र में लगातार विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास कर विकास सबंधी कार्यो को गति दी जा रही है। इस मौके पर सम्बंधित वार्ड पार्षद सबिता कुजूर, पुष्पा टोप्पो, अजय मुंडा के अलावा दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से छात्राओं को आच्छादित करने का निर्देश

# ई-विद्यावाहिनी पर छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित हो : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को शिक्षा विभाग से जुड़े मामलों को लेकर बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, छात्रों के बैंक अकाउंट खोलने, शिक्षक-छात्र की उपस्थिति, बीआरपी-सीआरपी के स्कूल भ्रमण, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाकी समीक्षा की।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप छात्रों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों को आईडी और पासवर्ड मुहैया करा दिया गया है, बच्चों को योजना का लाभ देने हेतु इनरोल किया जा रहा है।

छात्रों को यूनिफॉर्म वितरण और बैंक के अकाउंट की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा बचे हुए छात्रों का बैंक अकाउंट जल्द से जल्द खुलवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यक दस्तावेज लेकर छात्रों का बैंक अकाउंट खुलवाएं। इसे लेकर उपायुक्त ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

**ई-विद्यावाहिनी पर समीक्षा :** ई-विद्यावाहिनी पर शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति को लेकर उपायुक्त ने कहा कि नन फंक्शनल मशीन को लेकर जिन शिक्षकों द्वारा ई-विद्यावाहिनी पर उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जा रही है, उन्हें स्पष्टीकरण करें। उपायुक्त द्वारा ई-विद्यावाहिनी पर छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया।

**सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना :** उपायुक्त ने बची हुई छात्राओं को इस योजना से आच्छादित करने हेतु फोकस करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेज की जो भी छात्राएं योजना से आच्छादित नहीं हो पाई हैं, उनका रजिस्ट्रेशन कराकर योजना से आच्छादित करें।

**स्कूलों का सर्वे का निर्देश :** उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को कहा कि स्कूलों में भवन की स्थिति, बुनियादी सुविधाएं-पानी, शौचालय, बिजली, चहारदीवारी आदि को लेकर सर्वे कराएं। उपायुक्त श्री सिन्हा ने जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मत और बिल्कुल जर्जर हो चुके भवनों को ध्वस्त कर नया बनवाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

**शिखकों के ट्रांसफर को लेकर ली जानकारी :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शिक्षकों के ट्रांसफर की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि आवेदन फरवरी 2023 तक लेना है, आपत्तियां प्राप्त की गई हैं जिसे कंपाइल कर आगे की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। वहीं उपायुक्त ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण मध्याह्न योजना के तहत रसोईया को ससमय मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बीआरपी-सीआरपी द्वारा स्कूल भ्रमण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बीआरपी-सीआरपी को नियमित रूप से स्कूलों का भ्रमण कर संबंधित रिपोर्ट देने को कहा। उपायुक्त ने इस बैठक में अनुपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को शो-कॉज करने और वेतन रोकने का निर्देश दिया गया।

# राजनीति में सकारात्मक व शिक्षित लोगों का है स्वागत : संजय सेठ

**एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट के विद्यार्थियों को सांसद ने पढ़ाया राजनीतिक पाठ**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद संजय सेठ महाराष्ट्र के एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट की राजनैतिक पाठशाला के विद्यार्थियों के सत्रारंभ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुये। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने स्वच्छ और साफ-सुथरी राजनीति को लेकर एक नई मुहिम चालू की है। इसका सकारात्मक और सार्थक परिणाम देखने को मिलेगा। युवाओं को राजनीतिक समझ और सरकार संचालन की जानकारी उपलब्ध कराने की दृष्टि से शुरू किया गया पाठ्यक्रम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पहले राजनीति एक गंदगी समझी जाती थी। लेकिन, अब इसमें सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक बड़ा बदलाव लाया है। वंशवाद परिवारवाद को समाप्त करने का काम किया है।

**युवाओं के साथ साझा किया अपना राजनीतिक अनुभव**



श्री सेठ ने कहा कि वर्तमान में युवाओं की राजनीति में आने के लिए बेंगलुरु के सांसद और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य से बड़ा रोल मॉडल कोई नहीं हो सकता। ऐसे युवाओं के राजनीति में आने से राजनीति में सकारात्मकता व स्वच्छता बढ़ेगी। अच्छे लोग राजनीति में आ सकेंगे। युवाओं को भी मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब अच्छे पढ़े लिखे और समझदार लोग राजनीति में आयेंगे तो राजनीति की गंदगी खुद ब खुद समाप्त हो जायेगी। इस दौरान सांसद ने अपने 40 वर्षों के राजनीतिक अनुभव को भी विद्यार्थियों के साथ साझा किया। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में कैसे हम सकारात्मक रहें। कैसे हम ऊर्जा का संचार करें और कैसे समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित होकर काम करें।

# बोकारो के मार्केट सेक्रेटरी और गोड्डा के सुपरवाइजर सस्पेंड

**मार्केट सेक्रेटरी के खिलाफ हाट-बाजारों से एक समान वसूली नहीं करने और बोकारो बाजार समिति के कर्मचारियों पर गाली-गलौज का है आरोप**

**रांची।** मार्केटिंग बोर्ड के एमडी अरुण कुमार ने अनियमितता के आरोप में बोकारो बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी अनंत कौशल और गोड्डा के मार्केट सुपरवाइजर अभिषेक आनंद को सस्पेंड कर दिया है। बोकारो के मार्केट सेक्रेटरी के खिलाफ हाट-बाजारों से वसूली नहीं करने और बोकारो बाजार समिति के कर्मचारियों को गाली-गलौज करने का आरोप है। कर्मचारियों ने एमडी से शिकायत करते हुए इसके साक्ष्य भी प्रस्तुत किया है। वहीं अभिषेक आनंद को एसडीओ रांची की रिपोर्ट के आधार पर सस्पेंड किया गया है। अभिषेक आनंद रांची बाजार समिति में प्रभारी सचिव के पद पर रहते हुए रेंट वसूली में अनियमितता बरती थी। सभी से एक समान रेंट नहीं लिया था। दुकानदारों से उनके द्वारा 5 रुपये की जगह एक दो रुपये के हिसाब से वसूली करने का आरोप है।

# तेज गति बाइक ने मारी ठोकर, वृद्ध महिला की मौत

## ठंड से बचने के लिए महिला धूप में बैठी थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के बुढीबागी स्थित अपने घर के आगे बैठी एक वृद्ध महिला को बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। जिससे महिला की मौत हो गई। बताया गया कि स्व कमल महतो की पत्नी किदकी देवी 75 वर्ष मंगलवार को शाम चार बजे के करीब ठंड से बचने के लिए अपने घर के आगे धूप में बैठी थी। हीरो ग्लेमर बाइक जेएच01टी-6728 में सावर हो एक युवती व युवक ओरमांझी से कुच्चू की ओर तेज गति से जा रहे थें। बुढीबागी के पास बाइक का संतुलन बिगड़ गया और महिला को जारदार ठोकर मारते हुए बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिससे बाइक का अगला भाग छतिग्रसत हो गया और बाइक सवार युवक भी घायल हो गया। वहीं वृद्ध महिला के हांथ पैर टूट गए और शरीर के अन्य हिस्से में भी गंभीर चोट लगी थी। दुर्घटना के बाद काफी संख्या में लोगों की भिड़ जमा हो गई। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा महिला को उपचार के लिए रिम्स ले जाया गया। जहां बुधवार को उपचार के दौरान ही महिला की मौत हो गई। पुलिस द्वारा चालक व दुर्घटना ग्रस्त बाइक को जब्त कर थाने ले गई है। समाचार लिखे जाने तक थाना में मामला दर्ज नही हुई थी।



मृतक महिला की घर के आगे महिलाओं की भीड़।



मृतक वृद्ध महिला किदकी देवी का फाइल फोटो।

## हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**सामलौंग।** थाना क्षेत्र के सामलौंग बेलबगान में एक नए रेस्टूरेंट का नेम बोर्ड लगा रहे दो युवक ग्यारह हजार वोल्ट की तार की चपेट में आ गए। जिससे दोनो बुरी तरह से झुलस गए। उन्हे आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां रास्ते में ही एक युवक की मौत हो गयी,जबकि दुसरे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। आसपास के लोगों ने बताया कि दोनों गुदड़ी चैक स्थित फ्लैक्स, होर्डिग बनाने वाली दुकान के कर्मी है। वे बोर्ड बनाकर उसे लगा रहे थे। उसी क्रम में तार की चपेट में आ गए। हालांकि मामले को दबाने का पूरा प्रयास किया जा रहा था पर पुलिस सूचना मिलते ही जांच में जुट गयी है।

# बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों के बीच किया गया बीज वितरण





खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** कांके प्रखंड के चारी गांव में फसल विस्तार योजना के अंतर्गत चना बीज तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत सरसों मिनी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड द्वारा किया गया। कार्यक्रम में किसानों को शत प्रतिशत अनुदान पर चना बीज तथा सरसों में मिनी किट का वितरण ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के तहत किया गया। चना बीज का वितरण कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा जिला परिषद सदस्य संजय कुमार महतो जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार द्वारा संयुक्त रूप से नेचर लिंक क्राफ्ट हेल्थ कृषक उत्पादक समूह के किसानों के बीच वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य संजय कुमार महतो ने बताया कि किसानों को सही समय पर विभाग द्वारा बीज उपलब्ध कराया जा रहा है, किसान इसको संकुल में लगाएं तथा इससे अपना आमदनी बढ़ाएं, वही कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने कहा कि किसान अपनी जमीन के अनुसार बीज प्राप्त करें तथा धान कटने के तुरंत बाद चना की खेती लगा दे , ताकि किसान का खेत खाली ना रहे । उन्होंने किसानों को सलाह भी दी दीया की किसान बीज का गलत उपयोग ना करें। जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी इस बात का संकेत दे रही है, की कृषि में अब महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। उन्होंने बताया कि बीज विनिमय योजना अंतर्गत किसानो को 90% अनुदान पर गेहूं तथा चना का बीज लैंपस से ले सकते हैं। उन्होंने किसानों को टपक सिंचाई के माध्यम से सब्जी की खेती करने के उपाय बताएं। उन्होंने कहा कि ब्लैक चैन टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसान अपना पंजीकरण करा कर योजना का लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य मीना देवी, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, उप मुखिया महेश महतो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास ,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक प्रदीप कुमार सरकार, सहायक तकनीकी प्रबंधक शुक्ला सरकार, एग्री क्लीनिक अब्दुल सत्तार, मनोज महतो, बादल महतो ,अनिल महतो के अलावा कई किसान उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### रातू : तारूप में बिरसा जयंती सह मेला आज

**रातू।** प्रखंड के पूरब तारूप में गुरुवार को बिरसा जयंती मनायी जायेगी। मेला भी लगाया जायेगा। मेले में खोड़हा टीमें भाग लेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। बिहार के राज्य सभा सांसद खीरु महतो बतौर मुख्य और जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, जिप सदस्य मनीषा देवी व प्रमुख संगीता तिर्की विशिष्ट अतिथि होंगे। यह जानकारी आयोजन समिति के सुभाष प्रियदर्शी ने बुधवार की शाम पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

### गरीब असहाय व जरूरतमंदों के बीच किया गया कम्बल का वितरण

**मैक्लुस्कीगंज।** खलारी पहाड़ी मंदिर परिसर टीम एस और टीम स्काई के सदस्य सूरज यादव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पहाड़ी मंदिर गये पूजन पश्चात क्षेत्र के आसपास से आये असहाय, दिव्यांग व अन्य जरूरतमंदों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हो कम्बल वितरण किया. कहा कि आगे भी निचले पायदान में जीवन यापन करने वाले के लिए हर सम्भव मदद के लिए तत्पर रहूंगा।

### देवी मड़ई का पुनर्निर्माण के लिए शिला पूजन किया गया

**पिठोरिया।** बुधवार को बोडेय़ा, अरसंडे कांके के देवी मड़ई का पुनर्निर्माण हेतु महिला समितियों के नेतृत्व में पंडित पुरोहित आचार्य अजय मिश्रा एवं बोडेय़ा के विश्वकर्मा पहान एवं रामदास पहान तथा अरसंडे ग्राम के राहुल पहान एवं सुकरा पहान के द्वारा विधिवत वैदिक रिति से शिला पूजन एवं देवी ध्वज स्थापित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य श्रीमती किरण देवी,अरसंडे के मुखिया नीलू पहान तथा बोडेय़ा एवं अरसंडे के सैकड़ों पुरुष एवं महिला तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे सभी कार्यक्रम मुखिया सोमा उरांव की देखरेख में संपन्न हुआ।

### सोनाहातू में किया गया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सोनाहातू।** झारखंड सांस्कृतिक कला संगम समिति सोनाहातू के तत्वावधान में बिरसा जयंती के अवसर पर मंगलवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचपरगना क्षेत्र के स्थानीय कलाकारों ओर नर्तकी कलाकारों के द्वारा रातभर झूमर संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। रात भर लोगों ने लोक गीत और नृत्य पर झूमते रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम को समिति के कोषाध्यक्ष दीनबंधु सिंह मुंडा के सहयोगियों के द्वारा संपन्न कराया गया।

### झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय नगड़ी का निरीक्षण

**पिस्कानगड़ी ।** 16 नवंबर नगड़ी प्रखंड में स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन कुमारी ने किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बिजली,पानी,साफ सफाई तथा छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली।मौके पर उन्होंने छात्राओं के लिए बनने वाले भोजन तथा रसोई घर का भी निरीक्षण किया।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी कक्षा जाकर वहां पढ़ने वाली छात्राओं से बातचीत की तथा वहां की व्यवस्था देख संतुष्टि व्यक्त की, साथ ही साथ उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से विद्यालय के बाउंड्री वॉल पर फेंसिंग वायर लगाने हेतु संबंधित विभाग को सुचना देने तथा इसका समाधान करने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डन डॉक्टर वैशाली कुमारी, लेखापाल वंदना नंदनी उपस्थित थी।

### सड़क हादसे में दो लोग घायल

**चान्हो।** प्रखंड के दो स्थानों पर बुधवार को हुवे सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में लातेहार निवासी तीस वर्षीय सुरेंद्र गंझू और तरंगा के बाइस वर्षीय तौसीम खान शामिल हैं। दोनों को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है।

## खेलो झारखंड के तहत खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित



सम्मानित छात्र एवं शिक्षक

**सिल्ली।** जिला शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से आयोजित खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में बुधवार को खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। ज्ञात हो कि दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को किया गया था जहां मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती और झारखंड स्थापना दिवस को लेकर विद्यालय में छुट्टी थी। समापन के दिन वर्ग 6 से बारहवीं तक के बच्चे विभिन्न दूरी के दौड़, कब्बडी, वॉलीबॉल, कुश्ती तीरंदाजी, हॉकी फुटबॉल, ऊंची कूद, लंबी कूद, जेबलिन थ्रो, शॉटपुट थ्रो एवं डिसकस थ्रो की प्रतियोगिता हिस्सा लिया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि विद्यालय स्तर के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे प्रतिभागी प्रखंड स्तर प्रतियोगिता जोगिता में भाग लेंगे। प्रखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ी जिला एवं राज्य स्तर प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## ट्रेनों के ठहराव को लेकर राज्य सभा सांसद को सौंपा ज्ञापन



राज्य सभा सांसद को ज्ञापन सौंपते भाजपा खलारी मंडल

**मैक्लुस्कीगंज।** भाजपा खलारी मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल रांची जिला ग्रामीण महासचिव प्रीतम कुमार साहू के नेतृत्व में रांची पहुंचे। यहां पर झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू से मिलकर खलारी व मैक्लुस्कीगंज में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने राज्य सभा सांसद को हावड़ा टू जबलपुर चलने वाली ट्रेन शक्तिपुंज एक्सप्रेस व बड़काकाना टू पटना चलने वाली पलामू एक्सप्रेस को मैक्लुस्कीगंज स्टेशन में पुनः ठहराव व रांची टू बनारस चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को खलारी स्टेशन में ठहराव को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में चामा बालूमाथ मुख्य मार्ग पर मैक्लुस्कीगंज रेलवे क्रोसिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर आग्रह किया गया है। उधर उक्त समस्याओं को लेकर कांके विधायक समरीलाल व रांची सांसद संजय सेठ को भाजपा कार्यकताओं ने कई बार ज्ञापन दिया है। वहीं राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू को दूसरी बार आवास जाकर ज्ञापन सौंपा गया है। बहरहाल मैक्लुस्कीगंज के लोगों ने भाजपाइयों के इस पहल पर आभार व्यक्त किया है।

# उत्पाद विभाग ने तमाड़ में की छापामारी, दो लोगों पर केस दर्ज

## भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को अवेध शराब को लेकर उत्पाद विभाग द्वारा ताबड तोड़ छापेमारी की गई। जानकारी के अनुसार सहायक आयुक्त उत्पाद रांची आर एल रवानी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की कई क्षेत्रों मे अवेध रूप से शराब की कालाबाजारी किया जा रहा है। सूचना के आधार पर तमाड़ के षष्ठी मंडल के घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त किया गया। उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी की कई वर्षो से षष्ठी मंडल द्वारा प्रतिदिन दर्जनों पेटी विदेशी शराब के साथ डुप्लीकेट विदेशी शराब को मिलाकर बाजार में खपाया जाता है। वही परासी के मनबध सिंह मुंडा के यहां से उत्पाद विभाग ने जावा महुआ एवं 200 लीटर विदेशी शराब जब्त किया। उत्पाद विभाग द्वारा दोनो अभियुक्त षष्ठी मंडल और मनबध सिंह मुंडा के ऊपर प्राथमिकी दर्ज किया गया। छापेमारी दल में निरीक्षक अ. अशोक कुमार, अवर निरीक्षक पंकज कुमार, उत्पाद सिपाही रवि कुमार, विष्णु यादव बालेश्वर केरकटा एवं गृह रक्षा बल आदि शामिल थे।

## सूखा घोषित करने की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** राहे प्रखंड को सुखाग्रस्त घोषित करने तथा फसल बीमा राहत योजना के तहत लाभ देने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, राहे को किसानों ने ज्ञापन सौंपा। सताकी पंचायत मुखिया पांडुराम मुंडा,राहे मंडल भाजपा अध्यक्ष चित्तरंजन महतो, लखीन्द्र महतो,सुखराम महतो, रामेश्वर महतो, शम्भूनाथ महतो,जयनाथ महतो,मनराखन महतो, श्रीकांत मुंडा,श्यामसुंदर मुंडा,एकेश्वर महतो, प्रफुल्ल महतो,नरोत्तम महतो आदि किसानों ने ज्ञापन सौप कर कहा गया कि रांची जिले से सभी प्रखंड को सुखा घोषित किया गया लेकिन राहे प्रखंड के साथ अन्याय किया गया। सिल्ली,सोनाहातू, अनगड़ा ओर बुंडू प्रखंड राहे प्रखंड के साथ भौगोलिक स्थिति बराबर है बाबजूद राहे प्रखंड को सुखा के सूची में नही रखा गया। किसान क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे।

## राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान में दस दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**नामकुम।** बुधवार को को राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान, नामकुम में दस दिवसीय प्राकृतिक राल एवं गोंद विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन किया गया। कार्यक्रम में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद एवं गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, सासाराम बिहार के बीएससी एवं एमएससी के 45 विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक, डॉ. अभिजीत कर नें कहा कि छात्र अपने अंदर व्यवसायिक दृष्टिकोण पैदा करें ताकि प्राकृतिक राल एवं गोंद के क्षेत्र में उत्पाद संबंधित विकास कार्यो को बढ़ावा मिले। उन्होने छात्रों को आस्वस्थ किया कि भविष्य में आपके द्वारा स्वीकार योग्य सुझावों को संस्थान अवष्य ग्रहण करेगा। लाख कीट पालन, प्रसंस्करण एवं उनके उपयोग के क्षेत्र में कृषि के विद्याथीर्यों के लिए अपार संभावनाएं है तथा इसमें वे अपना भविष्य बना सकते है।

## एक नजर में

### 1932 खतियान लागू करने पर कांग्रेसियों ने आभार जताया

**पिठोरिया।** झारखंड स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर साथ ही झारखंड सरकार द्वारा 1932 खतियान और ओबीसी, एसटी, एससी आरक्षण विधानसभा से पारित करने के लिए उरगुट्टू में ढोल मांदर के साथ जुलुश निकाल कर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने आभार व्यक्त किया। मौके पर ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेश बैठा, मैनुल अंसारी, मुश्ताक अंसारी, लाला महली, रति महली, दीपक साहू, अफजल अंसारी, मनीष उरांव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### बाल दिवस के अवसर पर हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**मांडर।** कंदरी मोड़ स्थित दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल मांडर में बाल दिवस एवम बिरसा मुंडा जयंती बड़ी हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में पौधारोपण, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं चित्र कला प्रतियोगिता का कार्यक्रम बच्चों द्वारा कराया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य डॉ राजेश प्रसाद दत्त के द्वारा प्रमाण पत्र, स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक देकर बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य समन्वयक एवं सभी शिक्षक गण ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### डायनामिक बुंडू में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**बुंडू।** जन शिक्षण संस्थान , कौशल विकास एवं उद्यमी भारत सरकार द्वारा संचालित के तहत बुंडू स्थित डायनामिक परिसर में असिस्टेंट कंप्यूटर ऑपरेटर कोर्स कर रहे प्रशिक्षुओं ने वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसका विषय था बिरसा मुंडा के सपनों का भारत प्रतिभागियों ने इस विषय में अपनी अपनी बात अद्भुत तरीके से रखा। मौके पर सस्थान के निदेशक जगतपाल ने कहा कि बिरसा मुंडा कोई व्यक्ति नहीं अपितु एक सोच, एक उलगुलान थे,उनकी जीवन एक पाठ था। जिस पथ में चलकर मनुष्य अपनी शौर्य बढ़ा सकता है। मौके पर मास्टर ट्रेनर संध्या कुमारी, रेशमी, अनीमा तथा संस्थान के तमाम विधार्थी मौजूद थे।

## एमबी पब्लिक स्कूल ने स्थापना दिवस मनाया





**बुंडू।** एमबी पब्लिक स्कूल बुंडू का 9 वां स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन भूतपूर्व विधान पार्षद अमानत अली ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर अपने संबोधन में पूर्व एमएलसी अमानत अली ने कहा शिक्षा लोगों का सबसे बड़ा अमूल्य धन है। शिक्षा के बल पर ही परिवार, समाज और देश को आदर्श और समृद्धि बनाता है। उन्होंने आगे कहा शिक्षा में निजीकरण और व्यवसायीकरण होना समाज के लिए घातक है आज भी 42% गरीब लोग अशिक्षित है सरकार को सभी वर्गों के शिक्षा देने के लिए नियम बनाना चाहिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान व कला प्रदर्शनी के अलावा मंच में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।समारोह में प्रबंध निदेशक अब्बू अब्बास अली, प्रिंसिपल जाहिदा कौशल, दीपक कुमार, बेनजीर अली ,सुब्रत दत्ता ,निकिता उरांव ,शमा परवीन, दीपक यादव,अयूब अली, अपराजिता ,शबाना, अभिषेक, विशाल जयसवाल आदि मौजूद थे।

# बेड़ो में ऐतिहासिक हड़बोरी बूढ़ा जतरा का आयोजन संपन्न

## पहान ने महादानी मंदिर बेड़ो के गुंबद पर चढ़कर व हाथ पर आम्र पल्लव लेकर नृत्य किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो का ऐतिहासिक वार्षिक हड़बोरी बूढ़ा जतरा का आयोजन बेड़ो लड्डु,अस्थिकलश का विसर्जन,शोभायात्रा व भगवान भोलेनाथ की परिक्रमा, आराधना व पहान के द्वारा मंदिर के गुंबद पर चढ़कर नृत्य करने की सामाजिक सांस्कृतिक परंपरा के साथ महादानी मंदिर परिसर में बुधवार की देर रात संपन्न हो गया। इस दौरान मंदिर परिसर में बेड़ो, तेतरटोली, टिकराटोली, गायत्री नगर, अम्बाटोली, करांजी, करंजटोली, जामटोली व बारीडीह गांव के ग्रामीणों ने दीपकलश, झण्डा, ढोल, ढाक, मांदर व नगाड़ा के साथ एक शोभायात्रा निकाला। जो बेड़ो अखरा से शुरू होकर जामटोली रोड,गुमला रोड व लोहरदगा रोड होते हुए अपने - अपने खोड़हा के साथ परंपरागत नाच गान करते हुए महादानी मंदिर पहुंचा। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल लोगों ने नाच गान के साथ महादानी बाबा की परिक्रमा किया और उनके दरबार में मत्था टेका। जहां पहान रवि उरांव ने क्षेत्र में अमन चैन व सुख समृद्धि की कामना को लेकर महादानी बाबा की पूजा अर्चना व आराधना किया। इसके बाद पहान रवि उरांव ने अपने हाथ पर आम्र पल्लव लेकर व महादानी मंदिर के शिखर पर चढ़कर नृत्य किया। जो पर्व का आकर्षण और जनजातीय परंपरा का जीवंत और रोमांचक प्रस्तुति रहा। इधर ग्रामीणों के बीच यह आस्था है कि इस परंपरा से महादानी बाबा भगवान भोलेनाथ सभी ग्रामवासियों की मनोकामना को पूर्ण करते हैं। जिससे मानव जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है। इसके पूर्व खत्रीखटंगा व बेड़ो के सीमावर्ती कुंडी स्थल में बेड़ो,करंजटोली व हरिहरपुर जामटोली के जनजातीय समुदाय के लोगों ने अपने पूर्व जों की स्मृति में अस्थि कलश का विसर्जन भी किया। वहीं शाम के बाद महादानी मंदिर परिसर में मेला भी लगा। जहां ग्रामीणों ने ईख, शकरकंद व घरेलू सामानों की खरीदारी किया। साथ ही जतरा के एक दिन पूर्व मंगलवार को रात में घर घर बेड़ो लड्डू के नाम पर चावल के आटा से बने पीठा का भोग मां भगवती के नाम निवेदित किया गया। जनजातीय समुदायों के बीच यह आस्था है कि अपने खेतों में लगी फसल को काटने के बाद पहले भगवान भोलेनाथ महादानी बाबा व मां भगवती को भोग के रूप में निवेदित किया जाता है। मान्यता है कि इससे महादानी बाबा प्रसन्न होकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।



बेड़ो के डड़बोरी बूढ़ा जतरा के दौरान निकली शोभायात्रा में शामिल ग्रामीण।

# संवाद के दूसरे दिन आदिवासी वैद्यों ने जड़ी-बूटियों की चुनौती और पेटेंट पर की चर्चा

➲ रिद्म ऑफ अर्थ अलबम लांच, विभिन्न आदिवासी समुदायों ने दी प्रस्तुति

खबर मन्त्र ब्यूरो



वैद्य शुक्ला प्रसाद धुर्वे, गोपाल मैदान में संगीत प्रस्तुत करती आदिवासी कलाकार व उपस्थित अन्य।

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय आदिवासी सम्मेलन संवाद 2022 में देश के विभिन्न प्रदेशों के 175 आदिवासी एवं पारंपरिक वैध भी भाग ले रहे हैं। वैद्यों ने जहां पावर ऑफ कलेक्टिव हिलर्स नैरेटिव्स विषय पर चर्चा की वहीं दूसरी ओर शाम में रंगारंग आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका लुत्फ शहरवासियों ने उठाया।

आज गोपाल मैदान में पारंपरिक जड़ी-बुटी चिकित्सा पर सत्र का आयोजित किया गया जिसमें इस बात पर बल दिया गया की देशभर के खानदानी वैधों को एक मंच पर लाना जरूरी है। संगठन के लिए पहले राज्य स्तर पर और फिर राष्ट्रीय स्तर पर संस्था खड़ा करना होगा। इस संस्था का नाम अखिल भारतीय आदिवासी वैध संगठन रखा जा सकता है। साथ साथ ही जड़ी बूटी से बनने वाली दवाइयों का फामूर्ला आपस में साझा करने पर भी सहमति बनी ताकि यह पद्धति आगे भी बनी रहे। चर्चा के दौरान आदिवासी वैधों ने महसूस किया कि अब समय आ गया है जब सरकार से हमें प्रामाणिकता प्रमाण पत्र हासिल हो। इस बात पर भी सहमति बनी की जिन आदिवासी वैधों के पास उनका खानदानी जड़ी-बूटी वाली दवाएं हैं उसके पेटेंट कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जाए क्योंकि आजकल रोगी दवाइयों को लेते वक्त यह जानना चाहते हैं किस का फामूर्ला क्या है। इसमें क्या-क्या जड़ी बूटी इस्तेमाल किया गया? किंतु पेटेंट नहीं होने के कारण यह फामूर्ला दूसरे लोग चुरा ना ले वह इसका विवरण देने से मना करते हैं। पेटेंट हो जाने के बाद खानदानी फार्मूला सुरक्षित हो जाएगा बल्कि इस फामूर्ले के आधार पर अगर कोई उत्पादन करता पाया जाएगा तो उसे रॉयल्टी भी देनी होगी।

छत्तीसगढ़ से आए वैध शुक्ला प्रसाद धुर्वे बताते हैं कि आज का सत्र काफी महत्वपूर्ण रहा और बहुत चीजें सीखने को मिली। उन्होंने बताया कि उनका खानदान 8 पीढ़ियों से जड़ी-बुटियों से इलाज करता आ रहा है। उनके परिवार के पास बहुत से खानदानी जड़ी-बूटियों पर आधारित दवाएं हैं जो रोगियों को काफी सूट करती है और हमारी कोशिश होगी कि उनका पेटेंट लिया जाए।

आज की परिचर्चा के दौरान देश में जंगलों के कम होने से जड़ी बूटियों की उपलब्धता पर संकट को देखते हुए भी चर्चा किया गया। सत्र में वैधों ने तय किया कि हर व्यक्ति अपने-अपने खानदानी जमीन अथवा जंगल की जमीन को लीज पर लेकर औषधीय पेड़ पौधों को लगाएं और उसका जंगल खुद का तैयार करें। वैद्य शुक्ला प्रसाद धुर्वे बताते हैं कि वह खुद अपने परिवार की 6 एकड़ जमीन पर औषधीय पौधों एवं जड़ी बूटियों की खेती कर रहे हैं जबकि 46 एकड़ जमीन उन्होंने बिलासपुर के बेलगहना वह रामुडा गांव में वन विभाग स पट्टे पर लिया है जिस पर जड़ी-बूटियों की खेती करेंगे।

## काली मां एसएचजी स्टॉल पर मिल रहे प्योर ऊन के ब्लेजर से लेकर जैकेट



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय आदिवासी सम्मेलन संवाद में देशभर से आदिवासी हस्तकला एवं हस्तशिल्प या स्टॉल भी लगाए गए हैं जहां शहरवासी आकर आदिवासी हस्तशिल्प की खरीददारी कर सकते हैं। एक स्टॉल काली मां सेल्फ हेल्प ग्रुप उत्तराखंड ने लगाया है। इस स्टॉल पर उत्तराखंड के भूटिया आदिवासी समुदाय के हस्तशिल्प को प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल के संचालक आनंद सिंह राणा अपनी धर्म पत्नी के साथ छठी बार संवाद में भाग लेने आए हैं और अपना स्टॉल लगाए हुए हैं। बकौल आनंद सिंह राणा शुद्ध ऊनी कपड़ों से बने जैकेट 1050 से लेकर 3000 रुपये की रेंज में उपलब्ध है। इसके अलावा मफलर स्वेटर और शॉल भी उपलब्ध है। शॉल 1050 से लेकर 1800 तक है जबकि ब्लेजर 3500 रुपये के रेंज में उपलब्ध है। यहां पर आप उन्हीं से बने मोदी जैकेट भी खरीद सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### पुलिस ने पूछताछ के लिए यूनियन अध्यक्ष को उठाया, छोड़ा

**जमशेदपुर।** बिरसानगर पुलिस ने बीती देर रात टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। आज मजदूरों एवं सिख समाज के दबाव को देखते हुए पुलिस ने उन्हें पीआर बांड पर छोड़ दिया। बताया जाता है कि बीते दिनों बिरसानगर के शंभु दास के ऊपर गोली चालन के आरोपी मंगल ने गिरफ्तार होने पर पुलिस को बताया कि उसे गुरमीत सिंह तोते ने ही हथियार दिया था। इसी मामले में पूछताछ के लिए तोते को हिरासत में लिया था। तोते ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि वे पुलिस को मदद करने के लिए संकल्पित है और पुलिस को जब जरुरत होगी वह बुला सकती है।

### कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय प्रभारी बने मजदूर नेता आशुतोष

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेश पांडेय द्वारा लगातार संगठन के विस्तार एवं वंचित – शोषित मजदूरों को प्रदेश भर में संगठन से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जमशेदपुर के पांच नेताओं को प्रदेश कमेटी मे प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दिया गया है, जिसमें मजदूर नेता आशुतोष सिंह को प्रदेश कार्यालय प्रभारी मनोनीत किया गया है, वही वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलदेव सिंह को कार्यकारी जिलाध्यक्ष, अजितेश उज्जैन एवं सुल्तान अहमद को प्रदेश संगठन सचिव, मनीष चंद्रवंशी को जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष एवं कमलेशवर जाल को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने बताया कि संगठन का ढाचा झारखंड में मजबूत करने हेतु हर प्रखण्ड में लोगों को जोडा जा रहा है। कहा कि 15 दिसंबर तक सभी जिलाध्यक्ष एवं प्रखंड कमेटियों का गठन कर लिया जायेगा एवं उसके बाद बूथ स्तर पर कमेटी का गठन पर जोर दिया जायेगा।

### प्रभुनाथ सिंह ने 52 वीं बार किया रक्तदान

**जमशेदपुर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस के दिन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने एसडीपी डोनेशन प्रभारी एवं प्रेरणाश्रोत प्रभुनाथ सिंह ने अपना एसडीपी दान किया। कहते हैं कि आप तभी किसी के प्रेरणाश्रोत हो सकते हैं, जब आप उस क्षेत्र का प्रेरक कार्य करें, प्रभुनाथ सिंह ने 52 रक्तदान की यात्रा पूरी की है, जिसमें 16 बार उन्होने एसडीपी के माध्यम से जरूरतमंदों को प्लेटलेट्स का दान देकर उनके जीवन की रक्षा की है, वहीं नियमित रक्तदान में उन्होने 36 बार रक्तदान किया है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने प्रभुनाथ सिंह को शुभकामना देते हुए कहा कि श्री सिंह प्रबंधन का एक बेहतरीन उदाहरण हैं, जो अपने नियमित कार्य के साथ साथ एसडीपी डोनेशन का प्रभार देखते हैं और स्वयं भी नियमित रक्तदान करते हैं। आज जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में श्री सिंह के रक्तदान के समय जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रशासक संजय चौधरी एवं वरीय चिकित्सक एलबी सिंह एवं तकनिशियनों ने उपस्थित रहकर उन्हें सम्मानित किया।

### योजना आयोग के पूर्व सदस्य अरुण आयेंगे एक्सएलआरआइ

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम) की ओर से दो दिवसीय 'फुलक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। डिकोडिंग द फ्यूचर ऑफ कंसल्टिंग थीम पर आयोजित एस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग क्षेत्र के कई दिग्गज शामिल हो रहे हैं। पहले दिन एक्सेंचर के एमडी गणेशन रामचंद्रन, डेलॉयट इंडिया के पार्टनर व कंसल्टिंग प्रखर त्रिपाठी, जेडएस एसोसिएट्स के चीफ प्रोडक्ट एंड टेक्नोलॉजी ऑफिसर अभिषेक त्रिगुणित, केपीएमजी इंडिया के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अर्जुन वैद्यनाथन, इवाई के वर्कफोर्स एडवाइजर अनुराग मलिक, थाउसेंट्रिक के डायरेक्टर श्रीधर संपथिराव अपनी बातों को रखेंगे।

# जमशेदपुर रन-ए-थॉन 20 नवंबर को, टाटा स्टील ने पूरी की तैयारी

■ अब तक 4000 लोगों ने कराया पंजीयन, मात्र 1000 और लोगों के लिए है अवसर : चाणक्य चौधरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



संवाददाता सम्मेलन में विजेताओं को दिये जाने वाले मेडल दिखाते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी। साथ में आनंद कुमार, आशीष कुमार और मुकुल चौधरी।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन 2022 का आयोजन 20 नवम्बर को किया जाएगा। यह स्टील सिटी के खेल-कूद कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

जमशेदपुर रन-ए-थॉन एक ऐसा कार्यक्रम है जो जमशेदपुर के नागरिकों में फिटनेस की भावना पैदा करने के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। यह दो साल के अंतराल के बाद 'फिजिकल मोड' में हो रहा है और इसका विषय फिटनेस इज फन, जस्ट रन! है।

उक्त जानकारी टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कारपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी ने दी। उन्होंने कहा, हम सभी ने महामारी के बाद स्वास्थ्य एवं फिटनेस के महत्व को महसूस किया है तथा स्वस्थ जीवन की आदत को शुरू करने के लिए जमशेदपुर रन-ए-थॉन एक आदर्श कार्यक्रम है, जिसे इस मजेदार तरीके से किया जा सकता है। इस वर्ष के रूट का चयन इस बात को ध्यान में रखते हुए किया गया है कि धावक जमशेदपुर के ऐसे प्रतिष्ठित स्थानों का अनुभव करें, जहां उन्हें स्वच्छ और हरे-भरे जमशेदपुर की झलक मिलती रहे। चूंकि 2 साल के अंतराल के बाद एक फिजिकल रूप में रन-ए-थॉन हो रहा है, तो मैं जमशेदपुर के नागरिकों को अच्छी संख्या में आने और भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।

जमशेदपुर रन-ए-थॉन एक ऐसा आयोजन है जिसमें न केवल सभी आयु समूहों की भागीदारी देखी जाती है बल्कि यह एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां लोग फिर से युवा होने के शानदार अनुभव का आनंद ले सकते हैं।

इस साल के रूट को यह सुनिश्चित करते हुए तैयार किया गया है कि धावक सुबह की दौड़ में जमशेदपुर के प्रतिष्ठित स्थलों का अनुभव करें। इसमें हरा-भरा कदमा-सोनारी लिंक रोड, टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क, जयंती सरोवर, जुबली पार्क से लेकर द फर्नेस तक शामिल है। जमशेदपुर रन-ए-थॉन 2022 जमशेदपुर के धावकों और नागरिकों के बीच एक स्वच्छ और हरित जमशेदपुर की भावना को ताजा करेगा।

›› चाणक्य चौधरी ने बताया कि यह भव्य कार्यक्रम राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय तथा ओलंपिक कोचों एवं एथलीटों की विशेषज्ञता के बिना संभव नहीं है। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 50 प्रोफेशल लोगों की टीम तथा 200+ स्वयंसेवक शामिल होंगे और इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। श्री चौधरी ने कहा कि इस वर्ष जमशेदपुर रन-ए-थॉन का आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के तत्वावधान में किया जा रहा है और इसमें झारखंड एथलेटिक्स फेडरेशन, मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड तथा डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन ईस्ट सिंहभूम की भागीदारी होगी। हमने 12 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों और खेल के प्रति उत्साही लोगों, जो रन-ए-थॉन का अनुभव करना चाहते हैं, के लिए 2 किमी की फन रन नामक एक नई श्रेणी शुरू की है।

## एक नजर में

### मानगो कुमरूम बस्ती में पुराना टायर गोदाम फैला रहा है डेंगू, क्षेत्र में कई पीड़ित



**जमशेदपुर।** मानगो के कुमरूम बस्ती के कई बच्चे डेंगू के चपेट में आ गए हैं लोग इस जानलेवा बीमारी से परेशान हो रहे हैं। डॉक्टर ने बताया कि आसपास में जलजमाव के कारण डेंगू का लारवा बनता है जिसे डेंगू के मच्छर पैदा होते हैं और लोगों को डेंगू का शिकार करते हैं। स्थानीय लोगों ने भाजपा नेता विकास सिंह को बुलाकर बताया कि बगल में पुराने टायर का गोदाम है अनगिनत टायर कई वर्षो से पड़े हुए हैं टायर में पानी भरा रहने से लोग जानलेवा बीमारी से ग्रसित हो रहे है। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह टायर के गोदाम में जाकर स्थिति से अवगत हुए देखा कि हजारों की संख्या में टायर फेंके हुए और सभी टायर में पानी जमा हुआ हैं अनगिनत पुराने टायर में गंदे पानी का जमाव के कारण डेंगू का लारवा बनने से जानलेवा बीमारी डेंगू हाथ पैर पसार रहा है। स्थानीय निवासी विपिन शर्मा की बेटी डेंगू के कारण दस दिनों तक बीमार रही, चुनचुन सिंह की बेटी की भी तबीयत ठीक हुए कारण खराब हुई है। भाजपा नेता विकास सिंह ने मानगो नगर निगम के अधिकारी को इस जानलेवा समस्या से अवगत कराया और समस्या का निदान करने के लिए कहा। मौके में विकास सिंह, विपिन शर्मा, चुनचुन सिंह, मृत्युंजय सिंह, अख्तर खान, आशुतोष कुमार, गोपाल यादव, तपन खेड़ा उपस्थित थे।

# न्युवोको के छह रेडी-मिक्स कांक्रीट प्लांट्स को मिला ग्रीनप्रो इकोलेबल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** न्युवोको विस्टास कार्पोरेशन लिमिटेड क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनी ने अपने छह रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्रों के लिए प्रतिष्ठित ग्रीन प्रो प्रमाणन प्राप्त किया है। इन प्लांट्स में पाटेनचेरू, मियापुर (हैदराबाद), व्हाइटफील्ड (बेंगलुरु), सनथल (गुजरात), नोएडा (उत्तर प्रदेश) और गुड़गांव (हरियाणा) शामिल हैं और इनको इकोड्योर- ग्रीन कांक्रीट के उत्पादन के लिए इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी-सीआईआई) ग्रीनप्रो इकोलेबल प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में मधुमिता बसु, चीफ स्ट्रेटजी एंड मार्केटिंग ऑफिसर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने यह सम्मान और सर्टीफिकेशन पाने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह हमारे निर्माण विकास और नवाचार केंद्र में विकसित इनोवेटिव और सस्टेनेबल (टिकाऊ) उत्पादों की पेशकश करके हमारे हितधारकों के लिए मूल्य बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। हमारे प्रोटेक्ट अवर प्लेनेट (ग्रह की रक्षा करें, पीओपी स्थिरता एजेंडे के हिस्से के रूप में न्युवोको ने एक विस्तृत स्थिरता रणनीति तैयार की है।

# श्रीनाथ विवि में वार्षिक खेल दिवस 2022 का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय में बुधवार को वार्षिक खेल दिवस 2022 का आयोजन किया गया। वार्षिक खेल दिवस में सभी विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीनाथ विश्वविद्यालय के ध्वजारोहण तथा बैलून उड़ा कर किया गया।

ओलंपिक लौ के मशाल वाहक मास्टर रॉबिन मुर्मू, टेबल टेनिस के विजेता, मास्टर शुभम, हैंडबॉल में तीसरे विजेता, आरती कुमारी, उपविजेता थे। टेबल टेनिस व मालकिन सिंगो हेंब्रम टेबल टेनिस में उपविजेता रही। शिक्षा विभाग की छात्राओं ने योग की विभिन्न मुद्राओं को प्रदर्शित कर मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी।

### आदिवासी कुड़मी समाज ने किया पूर्व विधायक सह राइटर-फाइटर सूर्य सिंह बेसरा को सम्मानित



**जमशेदपुर।** आदिवासी कुड़मी समाज बिरसानगर टेल्को नगर अध्यक्ष माइनगर धीरेंद्र नाथ महतो टिडुआर के नेतृत्व में घोड़ाबांधा स्थित उनके आवास में आकुस प्रतिनिधि जा कर पूर्व विधायक, झारखंड आंदोलनकारी सह राइटर फाइटर सूर्य सिंह बेसरा को सम्मानित किया गया। संगठन के मुतातिबक जनजाति कुड़मि समुदाय के वास्तविक रूप में जो बातें समाज के सामने रखते हैं इस वजह से आज संगठन की ओर से कुड़मालि के प्रतीक पीला गमछा उड़ा कर सम्मानित कर धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर सूर्य सिंह बेसरा जी ने कहा कि जनजाति कुड़मि समुदाय के साथ पहले भी थे आज भी है और आगे भी संपूर्ण रुप से साथ देने के लिए तैयार है। आप सब अपने संविधानिक अधिकार सरकार से लेने के लिए अग्रसर हो जाए। साथ ही कहा कि महतो – माझी भाई –भाई इस स्टेटमेंट के साथ में शुरू में था आज भी हूं और आगे भी रहूंगा। इस सम्मान समारोह में नगर अध्यक्ष आकुस केन्द्रीय सह सचिव रामविलास महतो, जिला पूर्वी सिंहभूम सदस्य प्रकाश महतो, आजीवन सदस्य नंदलाल महतो, नलिन महतो, नगर सचिव निरानन्द महतो, नगर उपाध्यक्ष नेपाल महतो, बुद्धेश्वर महतो, उदित महतो, संटू महतो, किशोर महतो, उज्ज्वल महतो, जुगांतर महतो, राजेश महतो,धनुडीह महतो, दिनेश महतो आदि उपस्थित रहे।

# शौर्य साहस त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति है करतार सिंह सराभाः काले

›› नमन ने करतार सिंह सराभा को किया नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था नमन के तत्वावधान में शहीद-ए-आजम करतार सिंह सराभा की पुण्यतिथि पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले द्वारा शहर के गणमान्यों, महिलाओं एवं युवाओं की गरिमामय उपस्थिति में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि भारत माता के अमर सपूत क्रांतिकारी करतार सिंह सराभा जी प्रसिद्ध क्रान्तिकारियों में से एक थे। उन्हें अपने शौर्य, साहस, त्याग एवं बलिदान के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा,महान बलिदानी करतार सिंह सराभा ने केवल उन्नीस वर्ष की आयु में ही हंसते-हंसते देश के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। उनके शौर्य एवं बलिदान की मार्मिक गाथा आज भी भारतीयों को प्रेरणा देती है और देती रहेगी। यदि आज के युवक सराभा के बताये हुए मार्ग पर चलें, तो न केवल अपना, अपितु देश का मस्तक भी ऊंचा कर सकते हैं।

# कमल देव गिरी हत्याकांड की सीबीआई जांच के लिए गृह मंत्री से करेंगे आग्रहः रघुवर दास

■ चक्रधरपुर जाकर कमलदेव गिरी के शोकाकुल परिजनों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हिन्दूवादी नेता दिवंगत कमल देव गिरी के चक्रधरपुर के शौंडिक धर्मशाला स्थित आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत कमल देव के पिता, माताजी, भाई व परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात कर परिवार के सदस्यों का ढाढंस बंधाया।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इस मामले में परिवारजनों से काफी देर बात की और घटना पर विस्तृत जानकारी ली। श्री दास ने दिवंगत कमल देव गिरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने परिवार के सदस्यों से कहा कि कि कमल देव गिरी की हत्या अत्यंत दुखद है। पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द इस ओर ध्यान देकर अपराधियों को गिरफ्तार करे। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए रघुवर ने परिजनों को आश्वस्त किया कि भारतीय जनता पार्टी कमल देव गिरी के परिवार के साथ चट्टान की भांति मजबूती के साथ खड़ी है।

### डीटीओ के वाहन जांच अभियान में छह वाहन जब्त



**जमशेदुपुर।** मरीन ड्राइव में जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन द्वारा चलाये गए वाहन जांच अभियान में 6 भारी वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। एमवी एक्ट का उल्लंघन, परमिट, टैक्स व फिटनेस फेल तथा ओवर लोड पाये जाने पर यह कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन पार्किंग करने वाले चालकों को भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि यह रूटीन जांच अभियान था, उन्होने बताया कि सड़क किनारे पार्किंग से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ऐसे में वाहन मालिक/ चालक जनहानि नहीं हो इसके दृष्टिगत निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही वाहन पार्किंग करे अन्यथा आर्थिक दंड लगाया जायेगा।

# दुनिया में मिर्गी के 5 करोड़ मरीज, डरे नहीं बल्कि इसे समझें : डॉ अरुण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बीएनएमएच, तमोलिया, जमशेदपुर के प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ अरुण कुमार ने नेशनल एपिलेप्सी डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में बताया कि मिर्गी को ज्यादातर अंधविश्वास, देवी देवताओं का प्रकोप या फिर जादू टोना से जोड़ दिया जाता है जिसके कारण मरीज की परेशानी कम होने की बजाय और भी बढ़ जाती है। मिर्गी के दौरे के आने पर कई लोग मरीज को गंदे मोजे या फिर जूते सुंघाते हैं जो कि बिल्कुल गलत है; बल्कि ऐसे समय में मरीज को तुरंत ट्रीटमेंट की जरूरत होती है।

## बिगड़ी हुई जीवनशैली युवाओं को बना रही मरीज



न्यूरोलॉजिस्ट डॉ अरुण कुमार।

वर्ल्ड हेल्थ ऑगेर्नाइजेशन के अनुसार विश्व में करीब 5 करोड लोग मिर्गी से पीड़ित है, इसमें 80 प्रतिशत लोग विकासशील देशों में रहते हैं। बिगड़ी हुई जीवनशैली युवाओं को भी मिर्गी का रोगी बना रही है जैसे रात में देर से सोना, तनाव से बचने के लिए शराब, नशीली दवाओं का सेवन। इलाज के अभाव में यह घातक रूप ले लेती है। मिर्गी किसी भी आयु के व्यक्ति को हो सकती है। कुछ प्रकार की मिर्गी बचपन में होती है जो युवा अवस्था आते-आते समाप्त हो जाती है। बचपन में मिर्गी से पीड़ित 70 फीसदी बच्चे बड़े होने पर इस रोग से छुटकारा पा जाते हैं। मिर्गी के कुछ दौरे ऐसे भी हैं जैसे- फेब्राइल, जो 5-6 साल उम्र तक केवल बुखार के दौरान ही आते हैं और बाद में कभी नहीं आते। इसमें बुखार कंट्रोल करना सबसे जरूरी होता है।

**कम ही लोगों में सर्जरी की जरूरत :** मिर्गी की बीमारी में डॉक्टर की सलाह पर 3-4 साल तक दवाई लेने पर ज्यादातर मरीज ठीक हो जाते हैं। कुछ में जिंदगी भर दवाएं चलती है, सिर्फ 5 से 10 फीसदी लोगों में सर्जरी की जरूरत पड़ती है। बहुत सारे मरीज अपना काम सामान्य आदमी की तरह ही कर सकते हैं।

**लक्षण**

आमतौर पर मिर्गी के दौरे पड़ने पर मरीज बेहोशी की हालत में चला जाता है और यह दौरा 30 सेकंड से लेकर 2 मिनट तक का होता है। इसमें ब्रेन अपना कंट्रोल खो देता है। मरीज बेहोश हो सकता है। चेहरे, हाथ और पैर पर जकड़न, दांत भिंचना, शरीर लड़खड़ाना, मुंह से झाग निकलना, चक्कर आना, हाथ पैर में झनझनाहट होना, अचानक गिर जाना जैसे लक्षण दिखने लगते हैं।

### क्या करें

ऐसे मामलों में मरीज को न्यूरोलॉजिस्ट से परामर्श लेना चाहिए। बीमारी का पता लगाने के लिए इलेक्ट्रो एंसेफेलोग्राफी (ईईजी), मस्तिष्क की स्कैनिंग, सिटी स्कैन ब्रेन, एमआरआई स्कैन और कुछ ब्लड टेस्ट किया जाता है।

### रहें सतर्क

मिर्गी के दौरान मरीज के रिश्तेदारों को घबराना नहीं चाहिए। मरीज को शांत रखें, टाइट कपड़ों को ढीला कर दें, संभावित हानिकारक वस्तुओं से दूर रखें जैसे नुकीला फर्नीचर, छत की मुंडेर, गहरा पानी। नाक और मुंह के झाग को साफ कर लें। दौरे समाप्त होने पर मरीज को करवट करा दें। जल्द से जल्द नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करें।

**डॉक्टर के सुझाव**

डॉ अरुण बताते हैं कि मिर्गी या एपिलेप्सी का उपचार कई कारणों पर निर्भर करता है। करीब 70% मरीजों में कारण पता नहीं चल पाते। कुछ मामले ब्रेन इंफेक्शन, ट्यूमर, टीबी, सिर में चोट, ब्रेन स्ट्रोक, तेज और गंभीर बुखार, सुगर पर कंटोल न रहना, नींद की कमी, ज्यादा नशा और कुछ मेटाबॉलिक कारणों से भी होते हैं। इलाज के दौरान महत्वपूर्ण है कि न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा निर्धारित उपचार का पालन बताये अनुसार ही किया जाये वरना फिर से मिर्गी के दौरे आ सकते हैं।

### एंटी करप्सन फाउंडेशन ने जुगसलाई ट्राफिक थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड का एक प्रतिनिधिमंडल जुगसलाई ट्राफिक थाना परिसर में नव पदस्थापित जुगसलाई ट्राफिक थाना के इंस्पेक्टर संगीता कुमारी से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने पुष्प गुच्छ देकर उनको सम्मानित किए। इस मौके पर इंस्पेक्टर संगीता कुमारी ने जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाकर जुगसलाई रेलवे फाटक को वन वे करके जाम से मुक्ति दिलाने की पहली प्राथमिकता बताई। इसके अलावे उन्होंने स्टेशन एवं चाईबासा बस स्टैंड के आसपास मुख्य सड़कों पर गड्ढा को अस्थाई रूप से भरवा कर कुछ हद तक दुर्घटना पर अंकुश लगाने की भी आश्वासन दी है। वाहन चेकिंग के दौरान गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अस्पताल जाने के क्रम में रियायत की भी आश्वासन दी है। मुख्य सड़कों पर वाहन लगा दिए जाने पर जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर कार्यवाही की भी बात कही है। इस मौके पर महामंत्री शशि आचार्य, बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, सरायकेला खरसावां की अध्यक्ष सुजाता सिंह, प्रभारी सिमरन मेहरा, पूर्वी सिंहभूम जिला के सचिव एमडी मुकद्दर उपस्थित थे।

